| केन्द्रीय विद्यालय संघठन गुवाहटी सम्भाग कोड सं.110302 SET-1 | | |
|---|---|---|
| **विषय- हिन्दी** | **अर्द्धवार्षिक परीक्षा (सत्र 2018-19)** | **अवधि-3 घंटे** |
| **कक्षा- ग्यारहवीं** | | **अंक – 80** |

- **सभी प्रश्नों के अंक सामने दिए हुए हैं ।**
- **निर्देशों का पालन करें |**
- **स्वच्छता पर ध्यान दें |**
- **इसमे कुल तीन खंड क ), ख, एवं ग हैं तथा (तेरह प्रश्न हैं|**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार लिखिए**
- **श्रवण तथा वाचन =10 अंक**
- **परियोजना कार्य =10 अंक**

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न -1** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढकर प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।**<br>भारत विशाल जनसंख्या वाला देश है \| जिसमे दिनों दिन बढ़ोतरी होती जा रही है \| भारत का व्यापारी वर्ग अपनी मन मर्जी से दामो का ग्राफ उपर नीचे घटाने बढाने में लगा हुआ है \| जिसका परिणाम आम जनता को भुगतना पड़ रहा है\| ऐसा नहीं है की आज अनाज उत्पादन में ज्यादा कमी आई है \| बल्कि यह व्यवस्था का ही खेल है कि सरकारी गोदामों में अनाज भरा पडा है और उसे वितरित करने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है \| इसलिए अनाज सड़ रहा है \| फलत लोग भूख से बेहाल होकर दाने दाने को तरस रहे हैं \| देश की बहुत बड़ी आबादी आज भुखमरी का शिकार है करोड़ों लोग आज अन्न के अभाव में मर रहे हैं \| भारत की यह विसंगति है कि जो किसान रात दिन परिश्रम करकर अनाज उगाता है वही अन्नदाता भूखा रह जाता है\| भूखे को भोजन देने के बजाए अनाज को सरकारी गोदामों में अनाज को सड़ाना सरकारी तंत्र को ज्यादा नीतियुक्त लगता है यह भारत का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा \| | **अंक** |
| 1 | कौन मनमानी में लगा हुआ है और उसका परिणाम किसे भुगतना पड़ता है? | 2 |
| 2 | अनाज क्यों सड़ रहे हैं? | 2 |
| 3 | अनाज के सड़ने का क्या परिणाम हुआ है? | 2 |
| 4 | भारत की क्या विसंगति है? | 2 |
| 5 | भारत का क्या दुर्भाग्य है? | 1 |
| 6 | गद्यांश के लिए उपर्युक्त शीर्षक लिखिए \| | 1 |
| **प्रश्न-2** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।**<br>गाँव की चौपाल का वह नीम बूढ़ा,<br>पिता की भी याद से पहले खड़ा है।<br>सघन छाया में बिछी है खाट कितनी,<br>इन जड़ों पर बैठकर मैंने पढ़ा है।<br>वे गलीगलियार सँकरे और टेढ़े-,<br>जहाँ चर्चे, आपसी झगड़ेबखेड़े-<br>खिलखिलाहटहास्य से भरपूर पनघट -,<br>वह उफनती जिंदगी, पागल अखाड़े।<br>उधर वृक्षों से घिरा पोखर सुहाना,<br>भर दुपहरी नित जहाँ डुबकी लगाना।<br>और पोखर निकट शिवमंदिर पुराना- | |
| 1 | नीम के बहुत पुराना होने का कवि ने क्या प्रमाण दिया है ? | 1 |
| 2 | कवि ने नीम के प्रति अपना लगाव कैसे व्यक्त किया है ? | 1 |
| 3 | ग्रामीण जीवन का चित्रण कवि ने किस प्रकार किया है ? | 1 |
| 4 | उफनती ज़िंदगी' और 'पागल अखाड़े ' कथन ग्राम्य जीवन की किन विशेषताओं की ओर संकेत कर रहे हैं ? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **5** | पोखर के साथ कवि की कौन सी स्मृतियाँ जुड़ी हैं -? | **1** |
| **6** | नित शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए | | **1** |
| **प्रश्न-3** | निबन्ध लेखन<br>निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए<br>1] संचारसूचना प्रौद्योगिकी-<br>2] आधुनिक शिक्षा – पद्धति गुण व दोष<br>3] बदलते जीवन मूल्य<br>4] पर्यावरण और प्रदूषण | **8** |
| **प्रश्न-4** | पत्र लेखन<br>दिन-दिन बिगड़ती कानून और व्यवस्था कि समस्या के प्रति चिंता प्रकट करते हुए नगर के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिए<br>**अथवा**<br>रेल में यात्रा करते हुए लखनऊ में आपने पाया कि आपका कुछ सामान डिब्बे में ही छूट गया | स्टेशन मास्टर को अपने छूटे हुए सामान का विवरण और पहचान बताते हुए पत्र लिखिए | **5** |
| **प्रश्न-5** | निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर जनसंचार माध्यम के आधार पर दीजिए | | **1*4=4** |
| **1** | संचार किसे कहते है? | |
| **2** | जनसंचार का उद्देश्य क्या है? | |
| **3** | भारत का पहला समाचार वाचक किसे माना जाता है ? | |
| **4** | उदंत मार्तंड का प्रकाशन कब और कहाँ हुआ ? | |
| **प्रश्न -6** | फीचर/आलेख/रिपोर्ट<br>युवा पीढ़ी में घटते संस्कार विषय पर एक फीचर लिखिए |<br>**अथवा**<br>ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव विषय पर एक आलेख लिखिए | | **3** |
| **प्रश्न – 7** | निम्नलिखित काव्यांश को पढकर पूछे गए तीन प्रश्नों का उत्तर दीजिए<br>“कहाँ तो तय था चिरागां हरेक घर के लिए ,<br>कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए |<br>यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है ,<br>चलो यहां से चलें और उम्र भर के लिए |”<br>1] कवि ने पहले शेर में किस चिराग के तय होने की बात की है ?<br>2] क्या आज़ादी के बाद लोगों की आशाएँ पूरी हुईं ?<br>**3] यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है**–से कवि क्या कहना चाहता है ?<br>**अथवा**<br>“संतो देखत जग बौराना |<br>साँच कहौं तो मारन धावै झूठे जग पतियाना ||<br>नेमी देखा धरमी देखा, प्रात करै असनाना |<br>आतम मारि पखानहि पूजे उनमें कछु नहीं ज्ञाना||<br>बहुतक देखा पीर औलिया ,पढे कितेब कुराना |<br>कै मुरीद तदबीर बतावै, उनमें उहै जो ज्ञाना ||<br>आसन मारि डिम्भ धरि बैठे ,मन मैं बहुत गुमाना |<br>पीपर पाथर पूजन लागे ,तीरथ गर्व भुलाना ||<br>टोपी पहिरे माला पहिरे ,छाप तिलक अनुमाना |<br>साखी सब्दहि गावत भूले ,आतम खबरि न जाना ||”<br>**1]** कवि ने संसार को क्या कहकर संबोधित किया है ?<br>2] कवि ने संसार के बारे में क्या कहा है ?<br>3] टोपी पहिरे माला पहिरे ,छाप तिलक अनुमाना पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिये ? | **2*3=6** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न -8** | काव्यांश के सौन्दर्य बोध पर आधारित दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए<br>"चंपा काले कालेअच्छर नहीं चीन्हती<br>मैं जब पढ़ने लगता हूँ वह आ जाती है<br>खड़ी खड़ी चुपचाप सुना करती है<br>उसे बड़ा अचरज होता है :<br>इन काले चीन्हों से कैसे ये सब स्वर<br>निकला करते हैं ।"<br>**1]** काव्यांश की भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए।<br>**2] काले काले अच्छर** विशेषण प्रयोग का सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।<br>**अथवा**<br>"ख़ैर, पैर की जूती, जोरू<br>न सही एक, दूसरी आती,<br>पर जवान लड़के की सुध कर<br>साँप लोटते ,फटती छाती ।"<br>**1]** काव्यांश का भाव –सौंदर्य स्पष्टकीजिए ।<br>**2]** काव्यांश की भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए। | **3*2=6** |
| **प्रश्न -9** | कविताओं की विषयवस्तु पर आधारित किन्ही तीन प्रश्नों में से दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए<br>1] **'यों न कहना अस्त हूँ मैं'**– में '**अस्त**' का प्रतीकार्थ 'घर की याद' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।<br>2] मीरा जगत को देख कर रोती क्यों है ?<br>3] कबीर ने नियम और धर्मं का पालन करने वाले लोगों की किन कमियों की ओर संकेत किया है ? | **2*2=4** |
| **प्रश्न -10** | **गद्यांश पर आधारित अर्थग्रहण से सम्बन्धित चार प्रश्नो का उत्तर लिखिए ।**<br>नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मजार है। निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए। ऐसा काम ढूँढ़ना जहाँ कुछ ऊपरी आय हो। मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चाँद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटतेघटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी - आय बहता हुआ स्रोत है जिससे सदैवप्यास बुझती है। वेतन मनुष्य देता है, इसी से उसमें वृद्धि नहीं होती। ऊपरी आमदनी ईश्वर देता है, इसी से उसकी बरकत होती है, तुम स्वयं विद्वान हो, तुम्हें क्या समझाऊँ। इस विषय में विवेक की बड़ी आवश्यकता है। मनुष्य को देखो, उसकी आवश्यकता को देखो और अवसर को देखो, उसके उपरांत जो उचित समझो, करो। गरजवाले आदमी के साथ कठोरता करने में लाभ ही लाभ है। लेकिन बेगरज को दाँव पर पाना जरा कठिन है। इन बातों को निगाह में बाँध लो। यह मेरी जन्मभर की कमाई है।<br><br>1] ओहदे को 'पीर की मजार'कहने में क्या आशय है ? (2)<br>2] मासिक वेतन को पूर्णमासी का चाँद क्यों कहा गया है ? (2)<br>3] वंशीधर के पिता के अनुभवों का निचोड़ क्या है ? (2)<br>4] गद्यांश के पाठ का और लेखक का नाम लिखिए (1)<br>**अथवा**<br>गलती करने वाला तो है ही गुनहगार, पर उसे बर्दाश्त करने वाला भी कम गुनहगार नहीं होता जैसे लीला बेन और कांति भाई और हजारोंबाप। लेकिन सबसे बड़ा -हजारों माँ- गुनहगार तो वह है जो चारों तरफ अन्याय, अत्याचार और तरहतरह की धाँधलियों को - देखकर भी चुप बैठा रहता है, जैसे तुम। हमें क्या करना है(नकल उतारते हुए), हमने कोई ठेका ले रखा है दुनिया का। उठकरभीतर जाने लगती ) माई फुट (गुस्से और हिकारत से) तुम जै (जाते मुड़कर-है। जातेसे लोगों के कारण ही तो इस देश में कुछ नहीं होता, हो भी नहीं सकता । | **7** |

| | | |
|---|---|---|
| | 1] रजनी के अनुसार गलती करने वाला और उसे बर्दाश्त करने वाला गुनहहगार कैसे होता है? (2)<br>2] रजनी ने सबसे बड़ा गुनहगार किसे और क्यों बताया है ? (2)<br>3] रजनी ने अपने पति पर क्या आरोप लगाया ? (2)<br>4] गद्यांश के पाठ का और लेखक का नाम लिखिए (1) | |
| **प्रश्न -11** | **विषयवस्तु पर आधारित किन्हीं तीन बोधात्मक प्रश्नों का उत्तर दीजिए**<br>1] लेखिका मियाँ नसीरुद्दीन के पास क्यों गई थीं ?<br>2] धनराम को मोहन के किस व्यवहार पर आश्चर्य होता है और क्यों?<br>3] 'शिवशंभु की दो गायों'की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है?<br>4] लेखक 'माने'श्रेणी का नाम बौद्धों केमाने मंत्र के नाम पर करने के पक्ष में क्यों है? | **3*3=9** |
| **प्रश्न -12** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर वितान पाठ्यपुस्तक के आधार पर दीजिए**<br>1] दिनोंदिन बढ़ती पानी की समस्या से निपटने में 'राजस्थान की रजत बूंदे' पाठ आपकी कैसे मदद कर सकता है तथा देश के अन्य राज्यों में इसके लिए क्या उपाय हो रहे हैं ?<br>2] लेखक ने शास्त्रीय गायकों पर क्या आरोप लगाया है? उन्होंने शास्त्रीय गायकों को क्या सुझाव दिया है? | **4** |
| **प्रश्न -13** | **निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए**<br>1] चित्रपट संगीत के विकसित होने का क्या कारण है?<br>2] रेगिस्तान की भीषण गर्मी में भी रेत में समाया रेजाणी पानी भाप बनकर क्यों नहीं उड़पाता ?<br>3] भूमि के अंदर भीषण गर्मी में चेजारो के लिए ताजी हवा का प्रबंध कैसे किया जाता है | **4*2=8** |